प्रेस नोट

शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोट थाना रामचन्द्र मिशन जिला शाहजहाँपुर- दिनांक 09.07.2024

थाना रामचन्द्र मिशन को मिली बडी सफलता थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रही अभियुक्ता आशा उर्फ पूजा उर्फ गुड्डी को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से एक पीली धातु की चैन ,सफेद धातु के एक जोड़ी बिछुए व 01 अदद मोबाइल हीरो कंपनी रंग हल्का नीला व काला तथा 580 रुपये बरामद किये गए।

श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के कुशल निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्री संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर एंव श्रीमती सौम्या पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण एव प्रभारी निरीक्षक चन्द्र प्रकाश शुक्ल थाना रामचन्द्र मिशन के नेतृत्व में थाना रामचन्द्र मिशन को मिली बडी सफलता।

थाना स्थानीय पर वादी श्री रामस्वार्थ शुक्ला निवासी मो0 फत्तेपुर रेती थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर के द्वारा मु0अ0सं0 193/24 धारा 420/380 आईपीसी बनाम 1. विजय पुत्र मुकुल बिहारी मिश्रा निवासी मो0 रेती थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर 2. पूजा उर्फ गुड्डी पुत्री इतवारी निवासी ग्राम कुलिक्षा थाना पसगवाँ जनपद खीरी के द्वारा दिनांक 28.05.24 को वादी के साथ धोखाधड़ी से शादी कर जेवरात लेकर घर से चले के संबंध में पंजीकृत कराया गया था। मुकदमा उपरोक्त की विवेचना उ0नि0 श्री शिवम कुमार द्वारा संपादित की जा रही है।

मुकदमा उपरोक्त मे वांछित चल रही अभियुक्ता की तलाश व गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन कर थाना रामचन्द्र मिशन की पुलिस लगातार प्रयासरत थी तथा आज दिनांक 09.07.24 को वास्ते गश्त व देखरेख शान्ति व्यवस्था व तफ्तीश पैंडिंग विवेचना व जांच अहकामात व तलाश मालमुल्जिमान सम्बन्धित मु0अ0सं0 193/24 धारा 380/420 आईपीसी में हरदोई बाईपास पर मामूर थे तो जरिये मुखविर खास सूचना मिली कि मो0 विजयपुर रेती में रामस्वार्थ शुक्ला की कथित पत्नी जो जेवरात चोरी कर भाग गयी थी। चुराये गये जेवर वह हरदोई में नहीं बेंच पाई है इसलिये जेवरों को बेचने के लिये शाहजहाँपुर हरदोई बाईपास पर बस से उतरी है तथा वह बरेली सीतापुर हाईवे पर बरेली की तरफ फ्लाईओवर उतरते ही सडक किनारे शहर में जाने के लिये ई-रिक्शा की फिराक में खड़ी है। यदि जल्दी की जाये तो पकड़ी जा सकती है। मुखबिर की सूचना पर विश्वास करके वादी मुकदमा के मो0नं0 9305090554 पर सूचित कर हरदोई अण्डरपास पर बुलाया गया जो उपस्थित आये मुकदमा वादी को मुखबिर के द्वारा बतायी जानकारी से अवगत कराया गया और हमराही कर्मचारीगणें को मुखविर की सूचना से अवगत कराते हुये हम पुलिस वाले मय सरकारी जीप मुकदमा वादी रामस्वार्थ व मुखविर अपनी अपनी मोटरसाईकिलो से मुखविर द्वारा बताए हुए स्थान की ओर चल दिये त्यागी आश्रम मोड से थोडा आगे पहुँचे तो मुखबिर ने रुकने का इशारा किया तथा फ्लाईओवर उतरते ही बरेली की तरफ सड़क किनारे एक काली साडी पहने हुये खडी महिला की तरफ दूर से इशारा करके बताया कि यह वही महिला है और मुखबिर वापस चला गया। हम पुलिस वालो ने अपनी गाडी को उस महिला के पास जाकर रोका तथा मुकदमा वादी भी अपनी मोटरसाईकिल से महिला के पास आकर रुका और गाडी से उतर

कर महिला की तरफ बढे , मुकदमा वादी ने देखते ही पहचानकर बताया कि यह पूजा है जिसने मुझसे फर्जी झूठी शादी की है तथा जो मेरे घर में रखे जेवरात चोरी कर भाग गयी थी ।अपनी तरफ आता देखकर व आहट पाकर वह महिला सकपकाकर हाईवे पर तेज कदमों से चलने लगी ।मुकदमा वादी के बताने व पहचानने पर रिक्रूट महिला उपनिरीक्षक दीपा तोमर व म0का0 2860 नीलम द्वारा उस महिला को पकड़ लिया । जिसके पास से पीली धातु की एक चैन व सफेद धातु के एक जोड़ी बिछुए व एक मोबाइल हीरों कंपनी रंग हल्का नीला व काला तथा 580 रूपये बरामद हुए । उक्त अभियुक्ता को थाने लाकर नियमानुसार गिरफ्तारी करते हुए कार्यवाही करके माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

<u>बरामदगीः—</u>

1. एक अदद चैन पीली धातु (सोने की) लगभग 10 ग्राम
2. एक जोड़ी बिछुए सफेद धातु (चाँदी की)
3. 580 रूपये

<u>गिरफ्तारी टीम अधि0 कर्मचारीगण -</u>

1. उ0नि0 शिवम कुमार थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर
2. रि0म0उ0 दीपा तोमर थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर
3. म0का0 2860 नीलम थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर

<u>पूछताछ का विवरणः-</u>

अभियुक्ता द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि मेरे पति की मृत्यु हो चुकी है। मैं बहुत गरीब विधवा महिला हूँ। मेरे 05 लडके है। उनमें से 02 सौतेले व 03 मेरे है। रूपये पैसे की दिक्त रहती थी। इसलिये मुझे झूठी शादी करके जेवर चोरी करने का सुझाव सूझा था । तो मैनें इससे पहले भी अनगापुर थाना शाहबाद जनपद हरदोई में पण्डित के यहाँ नौकरी कर रहे जगडू ठाकुर से भी शादी करके जेवर लेकर चली गयी थी। तथा एक दिन आते जाते रामस्वार्थ के पडोसी जिनका नाम पता में नही जानती हूँ मुलाकात हुयी थी। उन्ही ने रामस्वार्थ से शादी करने की बात करवायी थी । उसके बाद मैने रामस्वार्थ को हरदोई कचहरी बुलाया तथा स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर करा लिये मैनें स्टाम्प पेपर में दूसरा आधार कार्ड पूजा पत्नी राजेश निवासी बिलग्राम जनपद हरदोई का लगा दिया था। मैं नहीं चाहती थी कि मेरी पहचान जाहिर न हो। मैने यह शादी चोरी करने के इरादे से ही की थी। यह जो चैन व बिछुए मैं पहने हुए हूँ यह वही है ये मैनें दिनांक 27.05.24 को रामस्वार्थ के साथ झूठी शादी करके चोरी किया गया था। चुराई गयी अंगूठी व पायल को मैनें राह चलते लोगों को बेंच दिया था जो रूपये खर्च हो गये है। आज मैं शेष बचे जेवर बेचने के लिये शाहजहाँपुर शहर जा रही थी कि पुलिस पकड़ लिया ।